YouTube को भरोसे के साथ एक्सप्लोर करः

माता-पिता की निगरानी में YouTube कॉन्टेंट देखने के लिए फ़ैमिली गाइड

Be Internet Awesome.

parentzone
The experts in digital family life

National PTA
everychild.onevoice.

NET FAMILY NEWS

JESSICA PIOTROWSKI,
PHD & DIRECTOR OF CENTER FOR RESEARCH ON CHILDREN, ADOLESCENTS, AND THE MEDIA

ELLEN SELKIE,
MD, MPH, PEDIATRICIAN

विषय सूची

3 निगरानी में देखने का अनुभव क्या होता है?

4 यहां से एक्सप्लोर करना शुरू करें

4 YouTube के कम्यूनिटी दिशा-निर्देश

5 अगर कोई शंका हो तो बात करें

7 नकली और असली में फ़र्क़ समझें

7 कभी-कभी #ad देखना बुरा नहीं होता है

8 अच्छा होना अच्छी बात है

8 अपने स्क्रॉल को कंट्रोल में रखना

10 अपनी जानकारी सुरक्षित रखना

10 सावधानी से शेयर करना

11 शब्दावली

लेजेंड

= हाइलाइट किए गए शब्द ग्लॉसरी में देख सकते हैं



निगरानी में देखने का अनुभव क्या होता है?

YouTube देखने का ऐसा अनुभव जो आप मैनेज करते हैं. माता-पिता यह तय कर सकते हैं कि अब उनके बच्चे YouTube वीडियो की दुनिया में सफ़र करने के लिए तैयार हैं. निगरानी में देखने वाले इस अनुभव में कॉन्टेंट की ऐसी सेटिंग होती है जिसमें किशोर और किशोरावस्था से पहले के बच्चों के लिए सीमित सुविधाएं दी जाती हैं. साथ ही, इनमें वे सुविधाएं शामिल हैं जो अच्छी डिजिटल आदतें बनाने में मदद करती हैं.

ज़्यादा जानने के लिए youtube.com/myfamily पर जाएं.

यहां से एक्सप्लोर करना शुरू करें



जब बच्चे ऑनलाइन वीडियो से बाहर की दुनिया के बारे में जानेंगे, तब वे अपनी दिलचस्पी वाली चीज़ों को एक्सप्लोर करने, उनको अलग नज़रिए से देखने, और उनसे जुड़ने का एहसास करने लगेंगे. साथ ही, DIY (खुद से करें) ट्यूटोरियल और संगीत से लेकर कई तरह की चीज़ें सीखने, गेमिंग, शो जैसे दुनियाभर के क्रिएटर्स के कई अन्य वीडियो से वे बहुत कुछ एक्सप्लोर कर सकते हैं. बच्चे को ऑनलाइन दुनिया से सभी तरह के फ़ायदे मिल सकें, इसमें माता-पिता अहम किरदार निभाते हैं. वे बच्चों को ज़िंदगी के नियम सिखाते हैं और ज़रूरत पड़ने पर उनकी मदद करते हैं.

जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं, उनकी दिलचस्पी का दायरा भी बढ़ता जाता है. यह ज़रूरी है कि बच्चे आत्मनिर्भर बनें. उन्हें ज़्यादा से ज़्यादा चीज़ें बनाने और नए-नए तरीके सीखने में मदद मिले. डिजिटल दुनिया में बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की यह ज़रूरत, उनके माता-पिता को परेशान कर सकती है. इसी वजह से, हम माता-पिता और अभिभावकों की मदद करना चाहते हैं, ताकि वे अपने बच्चों में ऐसा हुनर विकसित कर सकें जो सुरक्षित और पूरे विश्वास के साथ YouTube को एक्सप्लोर करने के लिए ज़रूरी है. ऐसा वे निगरानी में कॉन्टेंट देखने के ज़रिए कर सकते हैं. हमने PTA, the Parent Zone, और Net Safety Collaborative में काम कर रहे दोस्तों के साथ मिलकर यह गाइड बनाई है. ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि आप अपने बच्चों को YouTube के निगरानी वाले खाते का ऐक्सेस देने से पहले, उनके साथ बैठकर इसे पढ़ें और समझें. यह एक शुरुआत है जिससे आपके बच्चे ज़िम्मेदारी के साथ वीडियो कॉन्टेंट ब्राउज़ करना और देखना सीख सकते हैं. इस बीच उन पर नज़र रखना और उनसे बातचीत करते रहना न भूलें.

YouTube के कम्यूनिटी दिशा-निर्देश: हम अपनी कम्यूनिटी को नुकसान पहुंचाने वाले कॉन्टेंट से कैसे सुरक्षित रखते हैं

अपनी कम्यूनिटी को सुरक्षित रखने के लिए, हमारे कम्यूनिटी दिशा-निर्देश में बताया गया है कि पूरे YouTube पर (न सिर्फ़ निगरानी वाले अनुभवों में) क्या करने की अनुमति है और क्या नहीं. यह दिशा-निर्देश हमारे प्लैटफ़ॉर्म पर सभी तरह के कॉन्टेंट पर लागू होते हैं जिनमें वीडियो, लिंक, और थंबनेल भी शामिल हैं. इनमें स्पैम और भ्रम फैलाने वाले कॉन्टेंट, बच्चों की सुरक्षा, नफ़रत फैलाने वाले और उत्पीड़न वाले कॉन्टेंट, हिंसा फैलाने वाले और नुकसान पहुंचाने वाले कॉन्टेंट जैसे बहुत सारे कॉन्टेंट के बारे में बताया गया है. YouTube कैसे काम करता है, इसके बारे में ज़्यादा जानने के लिए यहां क्लिक करें.

पूरे YouTube पर हमारा मशीन लर्निंग सिस्टम, मानव समीक्षकों के साथ मिलकर काम करता है, ताकि नुकसान पहुंचाने वाले कॉन्टेंट का पता लगाया जा सके. साथ ही, इस कॉन्टेंट को हटाया भी जा सके. हालांकि, इनसे भी गलतियां हो सकती हैं और ऐसे में कुछ आपत्तिजनक कॉन्टेंट दिख सकता है. इसके लिए, वीडियो के नीचे तीन बिंदुओं वाले मेन्यू में जाकर, **शिकायत** करने की सुविधा का इस्तेमाल करें और इसे हमारे मॉडरेटर से समीक्षा करवाने के लिए अनुरोध सबमिट करें. इससे YouTube को सभी के लिए बेहतर प्लैटफ़ॉर्म बनाने में मदद मिलती है.

अगर आपको लगता है कि आपका बच्चा निगरानी में कॉन्टेंट देखने की सुविधा के ज़रिए YouTube पर कॉन्टेंट की दुनिया में सफ़र करने के लिए तैयार है, तो यहां कुछ आइडिया बताए गए हैं. ये आइडिया सुरक्षा को लेकर हैं, जिनके बारे में आप अपने बच्चे के साथ बातचीत कर सकते हैं.

अगर कोई शंका हो तो बात करें

हम जानते हैं कि हर माता-पिता का बच्चे पालने का तरीका अलग होता है और हर बच्चा भी बिल्कुल अलग होता है. वह शारीरिक और मानसिक विकास के चरणों को अलग-अलग समय पर पार करता है. इसीलिए, अपने बच्चे के लिए निगरानी वाला अनुभव सेट अप करते समय आपके पास चुनने के लिए तीन अलग-अलग कॉन्टेंट सेटिंग होती हैं: एक्सप्लोर, ज़्यादा एक्सप्लोर करें, और YouTube की लगभग सभी चीज़ें.

ये सेटिंग आम तौर पर उम्र के मुताबिक कॉन्टेंट-रेटिंग के हिसाब से होती हैं. साथ ही, ये YouTube पर ज़्यादा से ज़्यादा विषयों और शैलियों, जैसे कि वीडियो ब्लॉग, ट्यूटोरियल, गेमिंग वीडियो, संगीत वीडियो, खबरें, शिक्षा से जुड़ा कॉन्टेंट, DIY (खुद से करें), आर्ट और क्रॉफ़्ट, डांस, और बहुत सारी चीज़ों से जुड़े वीडियो का ऐक्सेस देती हैं. ये सेटिंग सेक्स, सेक्शुअल और लिंग से जुड़ी पहचान, हिंसा या संवेदनशील विषयों जैसे कि शरीर की छवि, मानसिक स्वास्थ्य या खुद को नुकसान से बचाने वाली कहानियों जैसी थीम के लिए वयस्क नज़रिये के साथ बनाए गए वीडियो का भी ऐक्सेस देती हैं. ये सभी Youtube के कम्यूनिटी दिशा-निर्देशों में शामिल हैं.

हम आपके अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं. हालांकि, कभी-कभी हमारे सिस्टम से भी गलतियां हो सकती हैं. कुछ जगहों पर उन्हें ऐसे वीडियो दिख सकते हैं जो सही न हों या परेशान करने वाले हों- फिर चाहे आपने एक्सप्लोर करें, ज़्यादा एक्सप्लोर करें, और YouTube की लगभग सभी चीज़ें देखें- में से किसी भी विकल्प को चुना हो. ऐसे में अच्छा रहेगा कि आप लगातार निगरानी रखें कि आपके बच्चे किस तरह के वीडियो देख रहे हैं और वे उन्हें देखकर कैसा महसूस करते हैं.

आपके लिए सलाह और टूल:

- परिवार में बातचीत करें कि किस तरह का वीडियो कॉन्टेंट बच्चे के लिए सही है - परिवार में इस बात पर सहमति बनाने के लिए सोचें कि आपका बच्चा कब और कहां YouTube वीडियो देख सकता है.
- साफ़ तौर पर बताएं कि YouTube का इस्तेमाल करते समय बच्चों को किस तरह का कॉन्टेंट नहीं देखना चाहिए. साथ ही, यह भी बताएं कि अगर उनके सामने ऐसा कॉन्टेंट आ जाता है, तो इस पर क्या कार्रवाई की जाए. जैसे कि वीडियो छोड़ना, खारिज करना या आपसे बात करना.
- अपने बच्चों को यह बताएं कि अगर किसी वीडियो को देखकर उन्हें अजीब या असुरक्षित महसूस होता है या कोई शक पैदा होता है, तो उन्हें क्या करना चाहिए. ऐसी भावनाओं को समझने और इसके बारे में बताने के लिए, यहां कुछ तरीके दिए गए हैं. अपने बच्चों को बताएं कि इस बारे में वे आपसे या उन्हें जिस पर भरोसा हो उससे बात करें, जैसे कि कोई दोस्त, भाई-बहन, कोच वगैरह. इस बात को अपने तक रखने की जगह, किसी और से बात करना अच्छा रहेगा.
- आप अपने बच्चे से पूछ सकते हैं: “क्या वीडियो देखते समय आपको कभी डर, बेचैनी, थकान या उदासी महसूस होती है? अगर ऐसा है, तो क्या आपने कभी कुछ और करने का सोचा है? आपको बेहतर महसूस हो, इसके लिए आप क्या करते हैं? हम आपकी कैसे मदद कर सकते हैं? ऐसे कौनसे वीडियो हैं जिन्हें देखकर आपको अच्छा लगता है, आप खुश होते हैं या आपको प्रेरणा मिलती है? हमें इस बारे में जानकर खुशी होगी.”

अपने बच्चे को सिखाएं
कि कैसे गलत कॉन्टेंट वाले
वीडियो को शेयर न करके उसे
फैलने से रोका जा सकता है.

नकली और असली में फ़र्क़ समझें

बच्चों के लिए यह समझना ज़रूरी है कि वीडियो में दिखने वाले लोग और परिस्थितियां हमेशा वैसी नहीं होती जैसी दिखती हैं. ऑनलाइन वीडियो देखने या इंटरनेट पर समय बिताते समय बच्चों में इस बात की समझदारी विकसित करना बहुत ज़रूरी है जिससे वे असली और आनलॉइन दिखाई जाने वाली नकली चीज़ों के बीच फ़र्क़ कर सकें.

जानकारी देने वाले पैनल

आपके लिए सलाह और टूल:

- अपने बच्चे को वीडियो देखने के दौरान इसके बारे में सोचने की सलाह दें. उसकी समझ पर भरोसा करें. अगर आपको कुछ बहुत ही अच्छा या बहुत अजीब लगता है, तो वह सच हो सकता है.
- हाल की घटनाओं, ऐतिहासिक हस्तियों या दूसरे लोकप्रिय विषयों के बारे में जानने के दौरान, अपने बच्चों को आधिकारिक स्रोतों के बारे में बताएं. ऐसे स्रोतों पर वे भरोसा कर सकते हैं. वे वीडियो के नीचे भरोसेमंद स्रोतों से मिली जानकारी का एक पैनल देख सकते हैं. इस पैनल में, कुछ खास वीडियो और खोज नतीजों के बारे में ज़्यादा जानकारी मिलती है.
- अपने बच्चों से ऐसे यूआरएल, लोगो, नाम, या बहुत ज़्यादा बढ़ा-चढ़ाकर बनाए गए शीर्षकों के बारे में बात करें जिन पर शक होता हो - कई बार इन्हें '**क्लिकबेट**' कहते हैं.
- अगर उन्हें कुछ ऐसा दिखता है जो गलत है या दूसरे भरोसेमंद स्रोतों से मिलता-जुलता नहीं है, तो इसके बारे में उन्हें हमेशा माता-पिता या किसी बड़े के साथ बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करें.
- अगर वीडियो में कोई ऐसा स्टंट, शरारत या चुनौती दिखाई गई है जो खतरनाक हो सकती है, तो याद रखें कि इस तरह के वीडियो अक्सर पेशेवर टीमें बनाती हैं. वे यह ध्यान रखती हैं कि वीडियो को पूरी सुरक्षा से फ़िल्माया जा सके. इस तरह के वीडियो बनाने में कई विशेषज्ञ शामिल होते हैं और इसके कई टेक फ़िल्माए जाते हैं. इनकी एडिटिंग भी की जाती है. कहने का मतलब है, "इसे घर पर करने की कोशिश न करें" - यह सच में बहुत खतरनाक हो सकता है.

कभी-कभी #ad देखना बुरा नहीं होता है

YouTube क्रिएटर बनना फ़ुलटाइम काम हो सकता है. बहुत से लोकप्रिय चैनलों के पास ऐसे लोगों की टीम होती है जो उनके साथ काम करने और उनके वीडियो बनाने में मदद करती है. जब क्रिएटर YouTube पर अच्छा कॉन्टेंट डालते हैं, तो वे स्पॉन्सरशिप, विज्ञापन, और पार्टनरशिप जैसे तरीकों से खुद को सपोर्ट करते हैं. यह बहुत ज़रूरी है बच्चे जानें कि क्रिएटर को प्रचार करने के बदले में सामान और सेवाएं मिल सकती है और इससे बच्चे उन वीडियो के बीच में फ़र्क़ कर पाएंगे जिनमें पेड प्रॉडक्ट प्लेसमेंट और बढ़ावा दिया जाता है और जिनमें नहीं. किसी भी कॉन्टेंट पर एक स्पष्ट प्रकटीकरण दिखाई देगा जिसमें पैसे देकर किया जाने वाला प्रचार शामिल है लिखा हुआ दिखाई देगा.

आपके लिए सलाह और टूल:

- अपने बच्चों से, पैसे देकर किए जाने वाले प्रचार के बारे में बात करें. साथ ही, उन्हें बताएं कि पैसे लेकर प्रचार करने वाले वीडियो को कैसे पहचाना जाता है. यह छोटा सा वीडियो देखें और अपने बच्चे से पूछें कि वह कैसे पहचान सकते हैं कि इस वीडियो में पैसे देकर किए जाने वाला प्रचार शामिल है या नहीं.
- अपने बच्चे के पसंदीदा क्रिएटर्स पर बात करें और उन्हें बताएं कि इनमें से कई क्रिएटर, फ़ुलटाइम काम की तरह ही YouTube के लिए वीडियो बनाते हैं और अपने चैनल को किसी कारोबार की तरह चलाते हैं. इसका मतलब है कि वे अपने चैनल के फंड के लिए दूसरे कारोबारों और पार्टनर के साथ काम करते हैं.
- #ad, "से प्रायोजित" और "उनके साथ साझेदारी" जैसे शब्दों पर गौर करें. इससे पता चलता है कि किसी कंपनी ने क्रिएटर को प्रॉडक्ट का प्रचार करने के लिए पैसे दिए हैं.

अच्छा होना अच्छी बात है

ऑनलाइन वीडियो रोमांचक हो सकते हैं और इनमें दिए गए मैसेज तेज़ी से फैलते हैं. यह बच्चों के लिए नया पसंदीदा डांस या किसी ज़रूरी मकसद के बारे में जानने का एक बढ़िया तरीका हो सकता है. हालांकि, गलत मैसेज भी इतनी ही तेज़ी से फैलते हैं. बच्चों को यह सोचने के लिए बढ़ावा दें कि वीडियो में जिन लोगों को देखते हैं वे बिल्कुल उसी तरह से व्यवहार करते हैं जैसा उन्हें करने के लिए कहा जाता है. अगर ऐसा नहीं है, तो उनसे इस बारे में बात करें कि उन्होंने देखने के लिए इस वीडियो को क्यों चुना.

आपके लिए सलाह और टूल:

- अपने बच्चे को सिखाएं कि कैसे गलत कॉन्टेंट वाले वीडियो को शेयर न करके उसे फैलने से रोका जा सकता है.
- नफ़रत फैलाने वाले, आपत्तिजनक या जिसमें उत्पीड़न दिखाया गया हो, ऐसे वीडियो की शिकायत करने के बारे में बताएं. आप वीडियो के नीचे दिखने वाले तीन बिंदु वाले मेन्यू में जाकर "दिलचस्पी नहीं है" पर क्लिक करके, वीडियो और चैनल को **खारिज** भी कर सकते हैं. इससे यह पक्का हो जाता है कि सुझाव में आपको इस तरह के वीडियो फिर से नहीं दिखाए जाएंगे.
- अपने बच्चे को बताएं कि अगर कोई क्रिएटर इस तरह के विषय पर वीडियो बनाता है जिसकी वजह से उन्हें या दूसरों को दिक्कत या परशानी महसूस होती है, तो इसके बारे में उन्हें ऐसे किसी बड़े से बात करनी चाहिए जिस पर उन्हें भरोसा हो.
- ऐसे YouTube क्रिएटर या चैनल के बारे में बात करें जो दूसरों पर अच्छा असर डालते हैं और धमकाने वाले व्यवहार को बढ़ावा न दें.

अपने स्क्रॉल को कंट्रोल में रखना

डिजिटल वेलबीइंग यह पक्का करती है कि हम जिस तरह से तकनीक का इस्तेमाल करते हैं उससे हमारे मानसिक, शारीरिक या भावनात्मक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर न पड़े. बिल्कुल, ऐसा करना बच्चों के लिए भी अच्छा रहेगा. हमारी वेलबीइंग डिवाइस, मीडिया, ऐप्लीकेशन, और तकनीक के अलावा भी सभी जगह फैली हुई है – और ज़ाहिर तौर पर, यह अलग-अलग व्यक्ति के हिसाब से काम करती है. आपकी निगरानी वाले अनुभव को मन-मुताबिक बनाने के लिए हमारे टूल का इस्तेमाल, तकनीक के इस्तेमाल के बारे में सिखाने के लिए फ़ायदेमंद हो सकता है.

आपके लिए सलाह और टूल:

- अपने परिवार के साथ डिजिटल इस्तेमाल के नियमों पर चर्चा करें, एक साथ मिलकर कोई लक्ष्य तय करें, और अपने बच्चे को स्क्रीन टाइम पर ध्यान रखने के बारे में बताएं. निगरानी वाले अनुभव में YouTube के ब्रेक और बेडटाइम रिमाइंडर अपने-आप चालू हो जाएंगे.
- अपने बच्चों को ऐसा कॉन्टेंट देखने के लिए प्रोत्साहित करें जो शारीरिक गतिविधि, जैसे कि डांस, योग या मार्शल आर्ट की प्रैक्टिस शामिल है. साथ ही, ऑनलाइन रहने के दौरान ब्रेक लेने के लिए प्रोत्साहित करें.
- हर हफ़्ते YouTube पर कितना समय बिताया जाए, इसकी एक सीमा तय करें. बच्चों को उनके YouTube देखे जाने के समय की प्रोफ़ाइल दिखाएं, ताकि वे जान सकें कि वे ऑनलाइन कितना समय बिता रहे हैं.
- चुने गए घंटों के दौरान ऐप्लीकेशन से सभी तरह की आवाज़ और वाइब्रेशन बंद करने के लिए, नोटिफ़िकेशन बंद करने के घंटे सेट करें.
- हर दिन एक ही समय पर सभी नोटिफ़िकेशन पाने के लिए, नोटिफ़िकेशन डाइजेस्ट सेट करें.
- YouTube पर इस निगरानी वाले अनुभव में, ऑटोप्ले की सुविधा अपने-आप बंद हो जाती है. आप आपस में इस बारे में बातचीत कर सकते हैं कि अगला वीडियो अपने-आप चलने की सुविधा बंद करने के क्या फ़ायदे हैं? (जैसे संगीत प्लेलिस्ट!)

परिवार में बातचीत करें कि
किस तरह का वीडियो कॉन्टेंट
बच्चे के लिए सही है.

अपनी जानकारी सुरक्षित रखना

ऑनलाइन होने के दौरान खुद की निजता और सुरक्षा का ध्यान रखना उतना ही ज़रूरी है जितना ऑफ़लाइन के दौरान होता है. आपके बच्चे की YouTube गतिविधि निजी होती है (अगर आप अपने बच्चे के तौर पर लॉग इन करते हैं, तो उसे छोड़कर) और इसे सिर्फ़ बच्चों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जैसे कि उन्होंने जो पहले देखा है, उसे याद दिलाने के लिए और उन्हें उससे मिलते-जुलते सुझाव और खोज नतीजे देने के लिए.

आपके लिए सलाह और टूल:

- अपने बच्चों को YouTube पर देखे गए वीडियो और खोजे गए वीडियो का इतिहास देखने, रोकने, और उसे साफ़ करने वाले टूल का इस्तेमाल करने के बारे में बताएं.
- खाता बनाते समय, उन्हें एक सुरक्षित पासवर्ड सेट करने में मदद करें.
    - ऐसा पासवर्ड बनाएं जिसे आसानी से याद रखा जा सके, लेकिन निजी जानकारी जैसे नाम या जन्मदिन का इस्तेमाल करने से बचें.
    - पासवर्ड में अपरकेस अक्षर, लोअरकेस अक्षर, चिह्न, और संख्याओं का इस्तेमाल करें.
    - R3pl@ce le++ers wit# sYmb0ls & n^mb3rs 1ike Thi$
    - कई साइटों के लिए एक ही पासवर्ड का इस्तेमाल न करें.

सावधानी से शेयर करना

ऑनलाइन वीडियो आसानी से और तुरत शेयर किए जा सकते हैं. इस वजह से, कभी-कभी ज़्यादा उत्सुकता में वीडियो शेयर करके बच्चे मुश्किल में भी पड़ जाते हैं. बच्चा निगरानी में रखे गए खाते में वीडियो बनाने वाले टूल इस्तेमाल कर सकता है. हालांकि, ये वीडियो 'निजी' के तौर पर सेट रहते हैं. इसका मतलब है कि वे इन्हें YouTube पर सार्वजनिक नहीं कर सकते. हालांकि, बच्चे अपने वीडियो को डिवाइस पर डाउनलोड कर सकते हैं. इसके अलावा, वे YouTube पर देखे गए वीडियो के यूआरएल को कॉपी कर सकते हैं और उन्हें दूसरे प्लैटफ़ॉर्म पर शेयर भी कर सकते हैं. जैसे, सोशल मीडिया, मैसेज या ईमेल के ज़रिए.

आपके लिए सलाह और टूल:

- वीडियो को ऐसे समझें जैसे आप आमने-सामने बातें करते हैं; अगर वीडियो में कुछ ऐसा कॉन्टेंट है जिसे बोलना ठीक नहीं है, तो इसे दूसरों के साथ शेयर करना भी सही नहीं है.
- वीडियो शेयर करने के बारे में दिशा-निर्देशों के लिए परिवार के साथ बातचीत करें. क्या इसे शेयर किया जा सकता है? किन ऐप्लिकेशन से? किसके साथ शेयर किया जा सकता है?
- याद रखें कि नफ़रत फैलाने वाले या नुकसान पहुंचाने वाले वीडियो को शेयर करना भी उतना ही गलत है जितना कि इस तरह के वीडियो बनाना. गलत कॉन्टेंट को शेयर करके साइबर बुलिंग में शामिल न हों, इसके लिए ज़्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है.

शब्दावली

क्लिकबेट:
क्लिकबेट तब होता है, जब कोई क्रिएटर सिर्फ़ इसलिए किसी पोस्ट को जान-बूझकर गलत हेडलाइन के साथ शेयर करता है जिससे लोग उसके वेबपेज या वीडियो पर क्लिक कर.

मनगढ़ंत बातें:
ऐसे वीडियो जिनमें किसी ग्रुप या व्यक्ति से जुड़ी जानकारी को गलत तरीके से दिखाया जाए. इन वीडियो का इस्तेमाल किसी ग्रुप के ख़िलाफ़ बुर व्यवहार या नफ़रत फ़ैलाने के लिए किया जा सकता है.

फ़िल्टर बबल:
उपयोगकर्ताओं को इंटरनेट पर की गई पिछली खोज और बातचीत के आधार पर वीडियो के सुझाव दिखते हैं. समय के साथ, ऐसे वीडियो बनाने वाले क्रिएटर, उपयोगकर्ताओं को उनकी विचारधार या रुचियों से दूर कर सकते हैं. इससे, लंबे समय के लिए किसी विवादित मुद्दे या घटनाओं के बारे में लोगों की समझ सीमित हो सकती है. साथ ही, किसी ग्रुप के लिए हमदर्दी और बातचीत कम हो सकती है.

वीडियो की शिकायत करना(फ़्लैगिंग):
उपयोगकर्ता YouTube वीडियो के नीचे बने फ़्लैग आइकॉन पर क्लिक करके, वीडियो की समीक्षा के लिए YouTube मॉडरटर को रिपोर्ट कर सकते हैं. मॉडरटर देखते हैं कि फ़्लैग किया गया वीडियो YouTube के कम्यूनिटी दिशा-निर्देशों का पालन करता हो और वीडियो के बारे में की गई शिकायत सही है या नहीं.

खारिज करना:
अगर आपको कोई ऐसा वीडियो दिखता है जिसे आप फिर से नहीं देखना चाहते, तो वीडियो के नीचे बने तीन बिंदु वाले मेन्यू में जाकर “कोई दिलचस्पी नहीं” पर क्लिक करके इसे खारिज कर सकते हैं. ऐसा करने पर, इस वीडियो का सुझाव फिर से नहीं दिखेगा.

थंबनेल:
YouTube पर वीडियो ब्राउज़ करते समय हर वीडियो की एक छोटी इमेज दिखती है, जिसे देखकर उपयोगकर्ता वीडियो के कॉन्टेंट के बारे में तुरत अनुमान लगा सकते हैं. इस इमेज को ही थंबनेल कहते हैं.

मशीन लर्निंग:
बेहतर भविष्य के लिए फ़ैसले लेने और सुझाव देने में मदद करने के लिए बड़ी मात्रा में डेटा या जानकारी उपलब्ध कराते हैं.

इनके साथ मिलकर बनाया गया

Be Internet Awesome.

parentzone
The experts in digital family life

National PTA
everychild.onevoice.

NET FAMILY NEWS

JESSICA PIOTROWSKI,
PHD & DIRECTOR OF CENTER FOR RESEARCH ON CHILDREN, ADOLESCENTS, AND THE MEDIA

ELLEN SELKIE,
MD, MPH, PEDIATRICIAN